# Empagliflozin




(उच्चारण ‘empa-gli-FLOW-zin’) **इसे Jardiance भी कहा जाता है।**
Empagliflozin ऐसी दवाइयों के समूह के अंतर्गत आती है, जिन्हें SGLT2 अवरोधक कहा जाता है।

आपको टाइप 2 डायबिटीज़ के उपचार और अपने गुर्दों और हृदय की सुरक्षा के लिए empagliflozin का नुस्खा दिया गया है। जब आप मूत्र-त्याग (पेशाब) करते/करती हैं, तो empagliflozin आपके गुर्दों को ग्लूकोज़, लवण और तरल-पदार्थ से मुक्ति पाने में सहायता देकर आपके रक्त में ग्लूकोज़ और रक्तचाप को कम करती है।

Empagliflozin के अन्य लाभ भी हैं, जैसे भार कम करना, आपके गुर्दों को बेहतर तरीके से काम करने में सहायता देना और आपके लिए दिल का दौरा या स्ट्रोक होने की संभावना को कम करना। इससे आपको अधिक समय तक जीने में भी सहायता मिल सकती है।

**नोट:** Empagliflozin एक संयुक्त टैबलेट के रूप में metformin के साथ भी उपलब्ध है, और इस टैबलेट को **Jardiamet** कहा जाता है।

## Empagliflozin का सेवन कैसे करें

प्रतिदिन empagliflozin को दिन में एक बार, एक ही समय पर लें।

आप इसे भोजन के साथ या भोजन के बिना ले सकते/सकती हैं।

एल्कोहल का सेवन न करने या सीमित करने का प्रयास करें, क्योंकि इससे आपके लिए पक्ष-प्रभावों का खतरा बढ़ सकता है।

जब आप empagliflozin लेना आरंभ करते/करती हैं, तो आपको अधिक बार मूत्र-त्याग करना पड़ सकता है, किंतु कुछ सप्ताहों बाद यह बेहतर हो जाता है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीएँ ताकि आपको प्यास न लगे। यदि आपको पानी के सेवन की मात्रा सीमित करने के लिए कहा गया है, तो अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम से बात करें।

यदि आप अपनी खुराक लेना भूल जाते/जाती हैं तो याद आते ही खुराक लें, बशर्ते आपकी अगली खुराक के लिए 12 घंटे से कम समय न हो। यदि ऐसा है, तो सामान्य समय पर अपनी अगली खुराक लें और भूली गई खुराक को छोड़ दें।

Empagliflozin लंबी अवधि के लिए लेने पर सबसे अच्छा काम करती है। अपने नुस्खे के पर्चे को नवीनीकृत करने के लिए हरेक 3 महीनों में अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम से मिलें।

## Empagliflozin के सेवन के दौरान

### अस्वस्थ दिन की योजना बनाएँ

यदि आप अस्वस्थ हैं, तो आपको empagliflozin का सेवन तब तक रोक देना चाहिए, जब तक आप फिर से स्वस्थ न हो जाएँ। अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम के साथ इस बारे में चर्चा करें कि आपको empagliflozin का सेवन कब पुनःआरंभ करना चाहिए।

यदि आपको मतली (बीमार महसूस होना), उल्टी या पेटदर्द होता है, तो उंगली चुभन रक्त-परीक्षण से अपने कीटोन स्तरों की जांच कराने के लिए तुरंत अपने जीपी, कार्यकाल-उपरांत चिकित्सा केंद्र या अस्पताल में जाएँ।

कीटोन के ऊँचे स्तर एक गंभीर लेकिन दुर्लभ पक्ष-प्रभाव पैदा कर सकते हैं, जिसे कीटोएसिडोसिस कहा जाता है।

### यदि आप अपने आहार में परिवर्तन करते/करती हैं, तो तुरंत अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम को बताएँ

यदि आप कम खाना शुरू करते/करती हैं या कीटो (निम्न कार्बोहाइड्रेट) डाइट शुरू कर देते/देती हैं, तो इससे आपके लिए कीटोएसिडोसिस का खतरा बढ़ सकता है।

अगले पृष्ठ पर सामान्य, दुर्लभ और गंभीर पक्ष-प्रभावों की सूची दी गई है

हिंदी (Hindi)

## Empagliflozin के सेवन के दौरान (जारी)

### अपने जननांगों को साफ रखें

मूत्र-त्याग अधिक करने और आपकी मूत्र में ग्लूकोज़ की अधिक मात्रा होने के कारण आपके लिए थ्रश या पेट और जांघ के बीच के भाग में संक्रमण होने का खतरा अधिक रहता है।

नियमित रूप से धोते रहने से इसकी रोकथाम में सहायता मिलती है। महिलाओं को अपने पेट और जांघ के बीच के भाग और योनि के बाहर के क्षेत्र को दिन में दो बार धोना चाहिए तथा पुरुषों को अपने लिंग, फोरस्किन तथा पेट और जांघ के बीच के क्षेत्र को दिन में कम से कम एक बार धोना चाहिए।

### ऑपरेशन या प्रक्रिया से पहले तैयारी करें

यदि आप ऑपरेशन या कोलोनोस्कोपी जैसी कोई प्रक्रिया कराने जा रहे/रही हैं, तो आपको कम से कम 3 दिन पहले (ऑपरेशन से 2 दिन पहले और ऑपरेशन या प्रक्रिया के दिन) अपना empagliflozin का सेवन रोकना होगा।

आपको अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम के साथ इस बारे में चर्चा करनी चाहिए कि आपको अपना empagliflozin का सेवन कब रोकना चाहिए और पुनःआरंभ करना चाहिए।

### क्या आप गर्भवती हैं, बच्चे के लिए प्रयास कर रही हैं या स्तनपान करा रही हैं?

यदि आप गर्भवती हैं या गर्भवती हो गई हैं, बच्चे के लिए प्रयास कर रही हैं या स्तनपान कराना आरंभ करती हैं, तो अपने डॉक्टर को बताएँ। आपको डायबिटीज़ के लिए कोई अन्य दवाई बदलने की आवश्यकता होगी।

Empagliflozin के बारे में और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **healthnavigator.org.nz/empagliflozin** पर जाएँ।

## सभी दवाओं के कुछ पक्ष-प्रभाव होते हैं

Empagliflozin से पक्ष-प्रभाव पैदा हो सकते हैं, लेकिन ये सभी को नहीं होते हैं।

### सामान्य पक्ष-प्रभाव

ये सामान्य रूप से हल्के होते हैं और समय के साथ दूर हो जाते हैं। यदि ये पक्ष-प्रभाव आपके लिए समस्याएँ पैदा करते हैं या दूर नहीं होते हैं, तो अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम से बात करें:

- **सामान्य से अधिक बार मूत्र-त्याग करना**
- **मूत्र-त्याग के समय दर्द या जलन महसूस होना**
- **त्वचा पर हल्के दाने या खुजली होना।**

### दुर्लभ, गंभीर पक्ष-प्रभाव

यदि आपको इन लक्षणों या पक्ष-प्रभावों का अनुभव होता है, तो तुरंत अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम या **हेल्थलाइन 0800 611 116** से संपर्क करें और उन्हें बताएँ कि आप empagliflozin ले रहे/रही हैं:

- **वमन (उल्टी) होना**
- **अत्यधिक प्यास लगना (निर्जलित होना)**
- **उलझन या असामान्य रूप से थकान महसूस करना**
- **पेटदर्द होना**
- **सांस में मीठी महक आना**
- **गहरी या तेजी से सांस लेना**
- **बुखार (ऊँचा तापमान) होना**
- **गुदा के क्षेत्र (पिछवाड़े) और जननांगों (योनि और लिंग) में गंभीर सूजन, दर्द या लालिमा होना**
- **कमजोर महसूस करना, बेहोश होना, चक्कर आना**
- **चिड़चिड़ापन महसूस करना**
- **सिरदर्द होना**
- **कंपकंपी (थरथराहट) होना**
- **दृष्टि धुंधली होना।**

Health Navigator NEW ZEALAND